केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिला वेस्टर्न यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

हाईवे के किनारे इंडस्ट्रीज के लिए मांगी जमीन

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी जी से चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। उन्होंने मेरठ की इंडस्ट्रीज के लिए हाईवे किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की मांग की।

चैम्बर के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 25 साल में मेरठ की इंडस्ट्रीज के लिए कोई जगह नहीं मिली है। ऐसे में दिल्ली-मेरठ हाईवे के किनारे मल्टीपर्पज पार्क, लॉजिस्टिक पार्क, औद्योगिक कलस्टर बनाने की मांग की। उन्होंने यह सुझाव दिया कि मेरठ परतापुर रोड पर कई शिक्षण संसथान है। वहां पर काफी जगह खाली पड़ी है। इस जगह को भी इंडस्ट्रीज के लिए आवंटित कर दिया जाए तो क्षेत्र का विकास होगा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को मेरठ एक्सप्रेस-वे के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही मेरठ आने के लिए निमंत्रण पत्र भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मेरठ एक्सप्रेस-वे के उद्धघाटन पर वह संभवतः मेरठ आएंगे। फिर चैम्बर में भी बैठक के लिए आ सकते है। प्रतिनिधिमंडल चैम्बर के डॉ राम कुमार गुप्ता, श्री शशांक जैन, श्री जेके गुप्ता व श्री अतुल भूषण गुप्ता रहे। डॉ राम कुमार गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को श्री भागवत गीता और हनुमान चालीसा की पुस्तक भेट की।